**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1893**

**दिनांक 04 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**बढ़ते सिजेरियन प्रसव और मातृ स्वास्थ्य देखभाल में नियामकीय निगरानी**

**1893 श्री संजय कुमार झाः**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 (एनएफएचएस-6) के अनुसार भारत में सिजेरियन सेक्शन (सी-सेक्शन) द्वारा होने वाले प्रसवों की दर एनएफएचएस-5 (2019-21) के 21.5 प्रतिशत से बढ़कर एनएफएचएस-6 (2023-24) में 27.2 प्रतिशत हो गई है तथा निजी स्वास्थ्य संस्थानों में 54.1 प्रतिशत सी-सेक्शन प्रसव दर्ज किए गए जबकि सार्वजनिक संस्थानों में यह 16.9 प्रतिशत था; और

(ख) यदि हां, तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित 10-15 प्रतिशत की आदर्श सी-सेक्शन दर को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय अनावश्यक चिकित्सीय हस्तक्षेप की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने और यह सुनिश्चित करने के लिए किन नियामक उपायों पर विचार कर रहा है कि शल्य प्रसव व्यावसायिक लाभ के बजाय चिकित्सीय आवश्यकता के आधार पर हों?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) देश भर के सरकारी और निजी अस्पतालों में सी-सेक्शन डिलीवरी के मामलों के प्रतिशत का विवरण नीचे दिए गए लिंक पर देखा जा सकता है:

https://www.nfhsiips.in/nfhsuser/assets/National%20Family%20Health%20Survey%20(NFHS-6)%202023-2024%20Fact%20Sheets.pdf

(ख) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत, सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आवश्यकता से अधिक चिकित्सकीय हस्तक्षेप की समस्या से निपटने और अनावश्यक सिजेरियन डिलीवरी को हतोत्साहित करने के लिए कई विनियामक उपाय किए गए हैं। इनमें किए गए मुख्य उपाय इस प्रकार हैं:

- सीजीएचएस पैनलबद्ध अस्पतालों के लिए यह आवश्यक है कि वे सीज़ेरियन सेक्शन द्वारा होने वाले प्रसवों और सामान्य प्रसवों के अनुपात के बारे में सूचना प्रमुखता से प्रदर्शित करें।

- स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केंद्रों में डेटा रिपोर्टिंग और निगरानी को सुदृढ़ किया गया है।
- राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) के तहत, सभी सरकारी अस्पतालों के प्रसूति ओटी के लिए मूल्यांकन चेकलिस्ट में एक समर्पित सी-सेक्शन ऑडिट घटक शामिल किया गया है।
- दक्ष, दक्षता, कुशल प्रसव सहायक (एसबीए) और नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफरी (एनपीएम) सहित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

*****